गणित

अध्याय-12: रैखिक प्रोग्रामन

भूमिका (Introduction)

इस अध्याय में हम रैखिक असमिकाओं, निकाओं का वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने में प्रयोग करेंगे।

उदाहरणार्थ- एक शोरूम में कार और मोटरसाइकिल के लिए केवल 120 वस्तुओं का स्थान है। शोरूम के मालिक के पास ₹6000,00,00 निवेश करने की क्षमता है। .. ___एक कार पर ₹400,000 और मोटर साइकिल ₹ 100,000 लागत आती है, शोरूम मालिक एक कार पर ₹ 25,000 और एक मोटर साइकिल पर ₹ 5,000 लाभ के रूप में कमाना चाहता है। वह कितनी कार और कितनी मोटरसाइकिल पर निवेश करना चाहता है ताकि उसे अधिकतम लाभ मिल सके। उक्त समस्या के हल के लिए माना उस शोरूम मालिक को x कार और y मोटरसाइकिल पर ₹ 6000,00,00 निवेश करना चाहिए।

$x \geq 0, y \geq 0, x + y \leq 120$

$400,000\ x + 100,000y \leq 6000,00,00$

लाभ फलन p=25,000x+5,000y

उक्त समस्या का असमिकाओं का गणितीय रूपान्तरण किया गया है।

रैखिक प्रक्रमन की समस्या अभीष्ट ध्येय प्राप्त करने के लिए सीमित साधनों का दक्षतायुक्त प्रयोग करने से संबंध रखता है।

यहाँ दो चरों x और y में रैखिक प्रक्रमन की समस्याओं की आधारभूत संकल्पनाओं, इनके अनुप्रयोग, सीमाओं गणितीय रुपान्तरण, लाभ हल की ग्राफीय विधि का अध्ययन करेंगे।

रैखिक प्रोग्रामन (Linear Programming)

परिभाषाएँ

1. रैखिक प्रोग्रामन (Linear programming)- दिए गए रैखिक असमिकाओं (Linear inquations) जिन्हें व्यवरोध कहते हैं, को संतुष्ट करते हुए एक रैखिक फलन का सर्वोत्तम वांछित मान (अधिकतम या न्यूनतम) ज्ञात करने का एक विशेष प्रोग्राम निर्धारण करने की विधि रैखिक प्रोग्रामन कहलाती है।

2. रैखिक प्रोग्रामन समस्या (Linear programming problem)- यदि रैखिक फलन जो कि ऋणेत्तर चरों (Nonnegative) के रैखिक असमिकाओं के समूह द्वारा निर्धारित कुछ प्रतिबन्धों के अन्तर्गत हो, का सर्वोत्तम वांछित मान (अधिकतम या न्यूनतम) ज्ञात करने की समस्या रैखिक प्रोग्रामन समस्या कहलाती है। इसे संक्षेप में L.P.P. (एल.पी.पी.) कहते हैं।

3. इष्टतमीकरण समस्या (Optimization problem) व्यवहार की ऐसी समस्या जिसमें एक रैखिक फलन का रैखिक असमिकाओं को संतुष्ट करते हुए सर्वोत्तम वांछित (इष्टतमीकरण) (अधिकतमीकरण या न्यूनतमीकरण) होता है, इष्टतमीकरण कहलाती है।

4. उद्देश्य फलन (Objective function)- ऐसे रैखिक फलन जिसका अधिकतमीकरण या न्यूनतमीकरण (इष्टतमीकरण) किया जाता है, रैखिक उद्देश्य फलन कहलाता है।

5. सुसंगत या हल क्षेत्र (Feasible region)- रैखिक प्रोग्रामन समस्या के सभी व्यवरोधों ऋणेत्तर चरों के व्यवरोधों सहित, निर्धारित उभयनिष्ठ क्षेत्र समस्या का सुसंगत क्षेत्र या हल क्षेत्र कहलाता है।

उदाहरणार्थ

$2x + 3y \leq 1818; 2x + y \leq 10; x \geq 0, y \geq 0$

उक्त ग्राफीय निरूपण में छायांकित क्षेत्र सुसंगत क्षेत्र या हल क्षेत्र दिखाया गया है।

रैखिक प्रोग्रामन समस्या का हल [Solution of LPP (Linear programming problem)]-
रैखिक प्रोग्रामन समस्या के दिए गए व्यवरोधों को संतुष्ट करने वाले चरों के मान का समूह (समुच्चय) रैखिक प्रोग्रामन समस्या का हल होता है।

टीप-उद्देश्य फलन, व्यवरोधों और ऋणेत्तर व्यवरोधों का समूह (समुच्चय) रैखिक प्रोग्रामन समस्या बनाते हैं।



रेखीय कार्य-योजना का अर्थ एवं उसका महत्व(Meaning of Linear Programming and its Significance)

कार्य-योजना का सामान्य अर्थ होता है, व्यक्ति अथवा फर्म द्वारा उत्पादन, विक्रय अथवा अन्य ऐसे ही कार्यों की रूपरेखा तैयार करना जिससे उपलब्ध साधनों का सक्षम एवं मितव्ययी उपयोग हो सके। उपलब्ध साधन सीमित होते हैं तथा उनके प्रयोग करने की दशायें भी सीमित होती हैं। उनके अनुकूलतम ढंग से प्रयोग को अपनाने के लिए पूर्व में कोई विशिष्ट प्रविधि नहीं थी।

रेखीय कार्य-योजना वह गणितीय प्रविधि है जिसके द्वारा सीमित एवं विशेष दशाओं से संसाधनों, जैसे-धन, वस्तु, जगह, समय तथा श्रम का अनुकूलतम उपयोग करके विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है।

उद्देश्य फलन (Objective Function) जिस रेखीय फलन (जैसे-P=25x+20y) का अनुकूलतम मान प्राप्त किया जाना है उसे ही उद्देश्य फलन कहते हैं।

अनुकूलतमीकरण (Optimization)

उददेश्य फलन के विभिन्न रूपों (जैसे-लाभ फलन, लागत फलन, परिवहन व्यय फलन आदि) को अधिकतम या न्यूनतम किया जाना होता है। यह उद्देश्य फलन की प्रकृति पर निर्भर करता है। लाभ फलन को अधिकतम तथा लागत फलन, परिवहन व्यय फलन को न्यूनतम किया जाना होता है। इस प्रक्रिया को ही अनुकूलतमीकरण या इष्टतमीकरण कहते हैं।

रेखीय प्रतिबन्ध या व्यवरोध (Linear Constraints)

उद्देश्य फलन के अनुकूलतम मान जिन प्रतिबन्धों के अन्तर्गत ज्ञात किये जाने होते हैं, उन्हें प्रतिबन्ध या व्यवरोध कहते हैं। ये एकघातीय व्यंजकों तथा सम्बन्ध चिह्न $\geq, \leq, <, =, >$ के द्वारा दर्शाये जाते हैं। एकघातीय होने के कारण इन्हें रेखीय प्रतिबन्ध कहते हैं। ये Z = ax + by के रूप में होते हैं।

अऋणात्मक प्रतिबन्ध (Non-negative Constraints)

चरों के मान किसी भी दशा में ऋणात्मक नहीं होते हैं। वे शून्य अथवा धनात्मक ही हो सकते हैं। इसे $x \geq 0; y \geq 0$ से दर्शाते हैं।

संभाव्य हल (Feasible Solution)

चरों के मानों का ऐसा समुच्चय जो सभी प्रतिबन्धों तथा अऋणात्मक प्रतिबन्ध को सन्तुष्ट करता है, एक सम्भाव्य हल कहलाता है। संभाव्य हल के उपसमुच्चयों के रूप में उद्देश्य फलन के अधिकतम अथवा न्यूनतम मान देने वाले समुच्चय होते हैं जो रेखीय कार्य योजना समस्या के अनुकूल हल कहलाते हैं। अनकल हल प्राप्त करने की विभिन्न विधियाँ हैं जिनमें से ग्राफीय । विधि का वर्णन आगे किया जायेगा।

L.P.P.के गणितीय सूत्र की विधि (Methodof Mathematical Formulation of L.P.P.)

निम्नलिखित क्रमिक पदों से L.P.P. (Linear Program__ming Problem) का गणितीय सूत्र ज्ञात किया जाता है

पद 1. अज्ञात राशियाँ कौन-सी हैं ? उन्हें x,y से निरूपित करते हैं।

पद 2.x,y पर लागू होने वाले प्रतिबन्धों को प्रश्न में दी गई जानकारी के अनुसार रेखीय असमीकरणों के द्वारा व्यक्त करते हैं।

पद 3. उद्देश्य फलन को दिये गये चरों के रैखिक फलन के रूप में व्यक्त करते हैं।

पद 4. उद्देश्य फलन के इष्टतम मान को प्राप्त करने के लिए अऋणात्मक प्रतिबन्ध सहित सभी रेखीय प्रतिबन्धों को एक साथ लिखते हैं।

उत्तल बहुभुज (समुच्चय)[Convex Polygon (Set)]

रेखीय कार्य-योजना की अधिकांश समस्याओं में सुसंगत हल क्षेत्र प्रथम चतुर्थांश में एक बहुभुज होता है जो हमेशा उत्तल आकृति का होता है। उत्तल बहुभुज उसे कहते हैं जिसके दो बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखाखण्ड पूर्णतः बहुभुज में होती है।



उत्तल बहुभुजों के विभिन्न आकृतियों के समूह को उत्तल . बहुभुज समुच्चय कहते हैं।

इन चित्रों में (i) व (ii) उत्तल बहुभुज हैं जबकि (iii) व (iv) उत्तल बहुभुज नहीं हैं।

मूल बाह्यतम बिन्दु प्रमेय (Fundamental Extreme Point Theorem)

"रेखाओं की किसी संख्या के द्वारा परिबद्ध क्षेत्र में स्थित सभी बिन्दुओं में से, उद्देश्य फलन का अधिकतम (या न्यूनतम) मान क्षेत्र की सीमा पर स्थित शीर्षों में से केवल एक पर होता है।"

रेखीय कार्य-योजना समस्या को हल करनेकी ग्राफीय विधि (Graphical Method for Solving Linear Programming Problem)

एक रेखीय कार्य-योजना समस्या को हल करने की ग्राफीय विधि केवल उन समस्याओं के लिए लागू होती है जिनमें केवल 2 चर होते हैं। इसका कारण यह है कि हम एक ग्राफ को तीन विमाओं में नहीं खींच सकते हैं।

लेखाचित्र हल की निम्न दो विधियाँ हैं-

1. शीर्ष बिन्दु विधि (Corner Point Method)
2. सम-लाभ (Iso-profit) या सम-लागत विधि (Isocost Method)

(1) शीर्ष बिन्दु विधि के कार्यकारी नियम (Working Rules of Corner Point Method)

चरण 1. रेखीय कार्ययोजना प्रतिरूप को व्यवस्थित करते हैं।

चरण 2. निम्नानुसार प्रत्येक समस्या के ग्राफ की रचना करते हैं। प्रत्येक असमिका को एक समीकरण मानकर इसका लेखाचित्र खींचते हैं।

चरण 3. सम्भाव्य क्षेत्र अर्थात् वह स्थान जो सभी प्रतिबन्धों

को एक साथ सन्तुष्ट करता है, को प्राप्त करते हैं।

चरण 5. वक्र पर सीमा बिन्दुओं या शीर्ष बिन्दुओं को पढ़ते हैं या प्रतिबन्धित रेखीय समीकरणों में से एक बार में दो को लेकर उन्हें हल करते हैं।

चरण 6. चरण IV में प्राप्त प्रत्येक बिन्दु पर उद्देश्य फलन के मान की गणना करते हैं। उद्देश्य फलन के सबसे बड़े मान या सबसे छोटे मान के संगत मानों का निकाय ही रेखीय कार्य योजना समस्या का हल है।

उदाहरण

फलन P=2x+3y का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए जबकि प्रतिबन्ध निम्न हैं

$x \geq 0, y \geq 0, x + 2y \leq 10; 2x + y \leq 14.$

हल : प्रतिबन्धों $x \geq 0$ तथा $y \geq 0$ के कारण अन्य रेखीय असमीकरणों के ग्राफ केवल प्रथम चतुर्थांश में प्राप्त करना है।



x+2y= 10 के लिए x और y के मानों की सारणी निम्न है-

X	0	10
Y	5	0

परीक्षण बिन्दु (0,0) के लिए $x + 2y \geq 10$ सत्य है क्योंकि $0 + 2x0 \leq 10$. अतः क्षेत्र मूलबिन्दु की ओर है।

2x+y= 14 के लिए और y के मानों की सारणी निम्न-

X	0	7
Y	14	0

मूलबिन्दु (0, 0) के लिए $2x + y \leq 14$ सत्य है क्योंकि $2(0) + 0 \leq 14$. अतः क्षेत्र मूलबिन्दु को शामिल करता है।

लेखाचित्र उभयनिष्ठ क्षेत्र रेखांकित में है जिसके शीर्षों OABD पर उद्देश्य फलन P=2x+3y के मान निम्न सारणी में दर्शाये गये हैं।

शीर्ष	उद्देश्य फलन P का मान
$O(0, 0)$	$P = 2(0) + 3(0) = 0$
$A(7, 0)$	$P = 2(7) + 3(0) = 14$
$B(6, 2)$	$P = 2(6) + 3(2) = 18$ (अधिकतम)
$D(0, 5)$	$P = 2(0) + 3(5) = 15$

∴ P का अधिकतम मान 18 है जो बिन्दु B(6, 2) पर है, जिसके लिए x = 6,y = 2. उत्तर ।

उदाहरण 3. फलन P=x+y का रेखीय व्यवरोधों $3x + 2y \geq 12, x + 3y \geq 11, x \geq 0, y \geq 0$ के अन्तर्गत न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

हल : $x \geq 0, y \geq 0$ के कारण अन्य व्यवरोधों के ग्राफ प्रथम चतुर्थांश में प्राप्त करते हैं। वे हैं

$3x + 2y \geq 12$ .....(1)

$x + 3y \geq 11$ .....(2)



(i) 3x+2y = 12 के लिए x और y के मानों की सारणी निम्न है-

X	0	4
Y	6	0

(ii) x+3y = 11 के लिए x और y के मानों की सारणी निम्न है-

X	11	2
Y	0	3

परीक्षण बिन्दु (0, 0) से दोनों असमीकरण सन्तुष्ट नहीं होते क्योंकि

$3(0) + 2(0) \geq 12$ असत्य है।

$0 + 3(0) \geq 11$ असत्य है।

अतएव संभाव्य क्षेत्र खुला क्षेत्र है, जिसके शीर्ष A, B, D हैं। उद्देश्य फलन की गणना मूल बाह्यतम बिन्दु प्रमेय के अनुसार अग्रांकित हैं

शीर्ष	फलन P
$A(0, 6)$	$P = 0 + 6 = 6$
$B(2, 3)$	$P = 2 + 3 = 5$
$D(11, 0)$	$P = 11 + 0 = 11$

अत: P का न्यूनतम मान 5 है जब x = 2,y =3.

उदाहरण

निम्न असमीकरणों द्वारा निर्धारित क्षेत्र को ग्राफ द्वारा दर्शाइए

$x \geq 0, y \geq 0, 2x + 5y \leq 16, 2x + y \leq 8.$

तथा P= 5x + 4y के अधिकतम मान हेतु xy के मान ज्ञात कीजिए।

हल : असमीकरणों $2x + 5y \leq 16$ .....(1)

एवं $2x + y \leq 8$ ......(2)

को निम्नानुसार लिखने पर,

$\frac{2x}{16} + \frac{5y}{16} \leq 1$, [असमिका (1) से]

$\Rightarrow \frac{x}{8} + \frac{y}{\left(\frac{16}{5}\right)} \leq 1$ ...(3)

इसी प्रकार, $\frac{2x}{8}+\frac{y}{8}\leq 1$, असमिका (2) से]

$\Rightarrow \frac{x}{8}+\frac{y}{8}\leq 1$ ...(4)

क्षेत्र $x\geq 0$ एवं $y\geq 0$ के लिए असमीकरणों (3) एवं (4) का ग्राफीय निरूपण करने पर :



रेखाएँ $\frac{x}{4}+\frac{y}{8}=1$

एवं $\frac{x}{8}+\frac{y}{(16/5)}=1$

एक-दूसरे को बिन्दु B(3,2) पर प्रतिच्छेदित करती है। अतः OABC रेखाओं द्वारा प्रतिबन्धित क्षेत्र है, जहाँ बिन्दु 0,A,B,C के निर्देशांक क्रमशः 00, 0), A(4,0), B(3, 2), c $\left(0,\frac{16}{5}\right)$

इन शीर्षो पर P= 5x+4y का मान निम्नानुसार प्राप्त होगा

शीर्ष बिन्दु	शीर्ष बिन्दु के निर्देशांक	$P=5x+4y$
O	(0, 0)	$P=5(0)+4(0)=0$
A	(4, 0)	$P=5(4)+4(0)=20$
B	(3, 2)	$P=5(3)+4(2)=23$
C	$\left(0,\frac{16}{5}\right)$	$P=5(0)+4\left(\frac{16}{5}\right)=\frac{64}{5}$

उपर्युक्त सारणी से P का अधिकतम मान बिन्दु B(3, 2) पर 23 प्राप्त होता है।

अतः x = 3 एवं y= 2 पर मान अधिकतम है। उत्तर

उदाहरण (Examples)

एक फर्नीचर व्यापारी मेज तथा कुर्सियों का व्यापार करता है। वह दुकान में 5000 रु. लगा सकता है। दुकान में कुल 60 नग रखने का स्थान है। उसे 250 रुपये में मेज तथा 50 रुपये में कुर्सी मिल रही है। मेज पर 50 रुपये व कुर्सी पर 15 रुपये लाभ मिलता है। यदि खरीदा गया सभी फर्नीचर बिक जाये, तो अधिकतम लाभ हेतु केवल रेखीय प्रतिबन्ध बनाओ।

हल: माना- मेजों की संख्या तथा y कुर्सियों की संख्या है तब स्पष्ट रूप से $x \geq 0$एवं$y \geq 0$. पुनः एक कुर्सी की कीमत 50 रुपये तथा एक मेज की कीमत 250 है एवं अधिकतम व्यय रु. 5000 है। तब,

$250x + 50y \leq 5000$ .....(1)

पुनः 60, मेज एवं कुर्सी रखने के लिए स्थान उपलब्ध है तब, $x + y \leq 60$ .....(2)

एक मेज को अधिकतम 50 रु. तथा कर्मी को अधिकतम 15 रु. के लाभ से बेचा जाता है तब अधिकतम लाभ

P= 50x+15y .....(3)

अतः अधिकतम लाभ के लिए उद्देश्य फलन

P= 50x+15y

के लिए असमिकाएँ निम्नानुसार होगी

$250x + 50y \leq 5000$

$x + y \leq 60$

$x \geq 0, y \geq 0$

असमिकाओं को निम्नानुसार लिखने पर,

$$\frac{250x}{5000}+\frac{50y}{5000}\le 1$$

$$\Rightarrow \quad \frac{x}{20}+\frac{y}{100}\le 1 \quad \ldots(4)$$

पुनः $$\frac{x}{60}+\frac{y}{60}\le 1 \quad \ldots(5)$$

असमिकाओं (4) एवं (5) के लिए $x \geq 0$ एवं $y \geq 0$ क्षेत्र में ग्राफीय निरूपण अग्रानुसार होगा



रेखाएँ $\frac{x}{20}+\frac{y}{100}=1$

एवं $\frac{x}{60}+\frac{y}{60}=1$

रेखाएँ एवं एक-दूसरे को बिन्दु B(10,50) पर प्रतिच्छेद करती हैं।

अत:$x \geq 0, y \geq 0$ एवं असमिकाओं से परिबद्ध क्षेत्र OABC होगा, जिसके शीर्ष के बिन्दु क्रमश: O,A,B,C एवं निर्देशांक 0(0,0),A(20,0), B(10,50),C(0,60) हैं। इन शीर्ष बिन्दुओं पर अधिकतम लाभ निम्न सारणी से प्राप्त होगा।

शीर्ष बिन्दु	शीर्ष बिन्दु के निर्देशांक	$P = 50x + 15y$
O	$(0, 0)$	$P = 50(0) + 15(0) = 0$
A	$(20, 0)$	$P = 50(20) + 15(0) = 1000$
B	$(10, 50)$	$P = 50(10) + 15(50) = 1250$ (अधिकतम)
C	$(0, 60)$	$P = 50(0) + 15(60) = 900$

सारणी से अधिकतम लाभ P = 1250 बिन्दु B(10, 50) अर्थात् x = 10,y = 50 पर प्राप्त होता है। अर्थात् मेजों की संख्या 10 तथा कुर्सियों की संख्या 50 होने पर अधिकतम लाभ प्राप्त होगा।

उदाहरण

एक फल विक्रेता सेबों व सन्तरों में 500 रु. विनियोजित करता है। उसके पास अधिक-से-अधिक 12 पेटियों को रखने का स्थान है। सन्तरेकी एक पेटी की कीमत 50 रु. है तथा सेब की एक पेटी की कीमत 25 रु. है। वह सन्तरों को 10 रु. प्रति पेटी के लाभ पर बेच सकता है तथा सेबों को 6 रु. प्रति पेटी के लाभ पर बेच सकता है। यह जानते हुए कि वह उन सभी फलों को बेच सकता है, जिन्हें वह खरीदता है, उसे अधिकतम लाभ कमाने के लिए सेब और सन्तरों की कितनी पेटियाँ खरीदनी चाहिए? उसका - अधिकतम लाभ क्या है?

हल : माना कि वह सन्तरे की x पेटियाँ और सेब की y पेटियाँ खरीदता है।

$\therefore x \geq 0, y \geq 0$ .....(1)

चूँकि वह अधिक-से-अधिक 12 पेटियाँ रख सकता है,

$\therefore x + y \leq 12$ .....(2)

संतरे की पेटियों की कीमत 50x रु.

तथा सेब की y पेटियों की कीमत = 25y रु.

उपलब्ध धन = 500 रु.

$\therefore 50x + 25y \leq 500$

या $2x + y \leq 20.....(3)$

संतरे की पेटियों पर लाभ = 10x रु.

तथा सेब की y पेटियों पर लाभ = 6y रु.

अतः उद्देश्य फलन या लाभ P = 10x+6y .....(4)

इस प्रकार गणितीय दृष्टि से प्रतिबन्धों (1), (2) व (3) को ध्यान में रखते हुए P का अधिकतम मान निकालना है।

इसके लिए ग्राफ पेपर पर $x \geq 0, y \geq 0, x + y \geq 12, 2x + y \leq 20$ का आलेखन करते हैं।



चित्र में रेखांकित क्षेत्र सम्भाव्य क्षेत्र है।

सम्भाव्य क्षेत्र के शीर्ष बिन्दु (0,0), (10,0), (8, 4) और (0, 12) हैं। इसके किसी शीर्ष पर P का मान अधिकतम होगा।

शीर्ष	उद्देश्य फलन का मान
(0, 0)	$P = 10 \times 0 + 6 \times 0 = 0$
(10, 0)	$P = 10 \times 10 + 6 \times 0 = 100$
(8, 4)	$P = 10 \times 8 + 6 \times 4 = 104$ (अधिकतम)
(0, 12)	$P = 10 \times 0 + 6 \times 12 = 72$

अतःलाभ अधिकतम उस समय होगा जबकि वह सन्तरों की 8 पेटियाँ तथा सेब की 4 पेटियाँ खरीदता है। अधिकतम लाभ 104 रु. है।

उदाहरण

एक कारखाने में टेनिस के रैकेट और क्रिकेट के बल्ले बनाये जाते हैं। यदि एक रैकेट के निर्माण में मशीन A पर एक घण्टा और मशीन B पर 3 घण्टे कार्य करना पड़ता है, जबकि बल्ले के निर्माण में 3 घंटे मशीन पर और 1 घंटा मशीन B पर कार्य करना पड़ता है। वह रैकेट पर ₹40 और बल्ले पर₹ 90 लाभ कमाता है। यदि प्रतिदिन मशीनों का अधिकतम उपयोग 12 घंटे किया जाये, तो कारखाने में कितने रैकेट और बल्ले बनाए जाएँ ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

हल : माना कारखाने में x रैकेट और " बल्ले बनाया जाये ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो। अतः प्रश्नानुसार लाभ फलन है।

P=40x + 90y, ...(1)

[∵ चूँकि रैकेट पर ₹ 40 और बल्ले पर ₹ 90 लाभ मिलता है।]



प्रश्नानुसार प्रतिदिन मशीनों पर अधिकतम 12 घंटे कार्य लिया जा सकता है।

$\therefore\ x + 3y \leq 12$ .....(2)

$3x + y \leq 12$ ....(3)

और $x \geq 0$ .....(4)

$y \geq 0$ .....(5)

अब $x + y \leq 12$ समी. (2) के ग्राफ हेतु x+3y=12 का ग्राफ खींचना है।

$$\frac{x}{12}+\frac{3y}{12}=1,\ \frac{x}{12}+\frac{y}{4}=1 \quad ...(2)$$

सरल रेखा (2) निर्देशांक अक्षों से 12 और 4 अन्त: खण्ड काटती है। अर्थात् 4(12,0) और B(0, 4) को प्लाट कर रेखा x+3y-12 का ग्राफ आसानी से प्राप्त हो जायेगा। इसी प्रकार 3x+y= 12 का ग्राफ हेतु

$$\frac{3x}{12}+\frac{y}{12}=1,\ \frac{x}{4}+\frac{y}{12}=1$$

अतः P(4,0) और ((0, 12) को ग्राफ पेपर पर लेकर मिलाने से सरल रेखा 3x +y= 12 का ग्राफ आसानी से प्राप्त हो जायेगा।

(i) अब $x \geq 0, X$ -अक्ष पर के प्रत्येक बिन्दु और x>0, x-अक्ष के ऊपर के क्षेत्र हल समुच्चय होगा।

(ii) इसी प्रकार $y \geq 0$, Y-अक्ष पर के प्रत्येक बिन्दु और दायें ओर के क्षेत्र के प्रत्येक बिन्दु हल समुच्च होगा।

(iii) $x + 3y \geq 12$ का क्षेत्र सरल रेखा x+3y=12 पर का प्रत्येक बिन्दु और परीक्षण बिन्दु O(0,0) लेने पर $0 + 3x0 > 12 \Rightarrow 0 < 12$ सत्य है

अतः सरल रेखा x +3y= 12 के मूल बिन्दु की ओर का क्षेत्र $x + 3y \leq 12$ का हल समुच्चय है।

(iv) इसी प्रकार $3x + y \leq 12$ का क्षेत्र भी सरल रेखा 3x+y=12 का प्रत्येक बिन्दु के साथ मूल बिन्दु की ओर का क्षेत्र $3x + y \leq 12$ का हल समुच्चय होगा।

[क्योंकि $3x0 + 0 < 12 \Rightarrow 0$ सत्य है परीक्षण बिन्दु O(0,0) लेने पर]

(i) (ii) (iii) और (iv) व्याख्या से स्पष्ट है कि उक्त ग्राफ में उभयनिष्ठ क्षेत्र (छायांकित क्षेत्र OPCB) व्यवरोधों का हल समुच्चय होगा। जिसके शीर्ष बिन्दु 0(0,0), P(4,0), C(3, 3) और B(0, 4) हैं।

उभयनिष्ठ क्षेत्र (छायांकित क्षेत्रOPCB के संगत लाभ फलन का मान P= 40x+90y है।

उभयनिष्ठ क्षेत्र $OPCB$ के शीर्ष बिन्दु	शीर्ष बिन्दु के संगत लाभ फलन $P=40x+90y$
$O(0,0)$	$P=40\times0+90\times0$ $\Rightarrow P=0$
$P(4,0)$	$P=40\times4+90\times0$ $\Rightarrow P=$ ₹ 160
$C(3,3)$	$P=40\times3+90\times3$ $\Rightarrow P=120+270$ $\Rightarrow P=$ ₹ 390 अधिकतम
$B(0,4)$	$P=40\times0+90\times4$ $\Rightarrow P=0+360$ $\Rightarrow P=$ ₹ 360

उक्त सारणी से स्पष्ट है कि कारखाने में अधिकतम लाभ हेतु शीर्ष बिन्दु (3,3) के संगत अधिकतम लाभ

P = 40 x 3 + 90 x 3 = 120 + 270

⇒ P = ₹ 390 (अधिकतम लाभ) है। अत: कारखाने में 3 रैकेट और 3 बल्ले बनाना चाहिये।

टीप- 3x+y=12

x+3y=12 को हल कर प्रतिच्छेदी बिन्दु प्राप्त कर सकते हैं जो ग्राफ में प्रतिच्छेदी बिन्दु C(3,3) दिखाया गया है।

$3x+y=12$ और $x+3y=12$ से

$$\begin{array}{rcl} 3x+9y & = & 36 \\ - \quad - & & - \\ \hline -8y & = & -24 \\ y & = & 3 \end{array} \qquad \begin{aligned} &\Rightarrow x+3\times3=12 \\ &\Rightarrow x=12-9 \\ &\Rightarrow x=3 \end{aligned}$$

NCERT SOLUTIONS

प्रश्नावली 12.1 (पृष्ठ संख्या 529)

प्रश्न 1 ग्राफिक विधि से निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्याओ को हल कीजिए-

निम्न अवरोधों के अंतर्गत Z = 3x + 4x + 4y का अधिकतमीकरण कीजिये

$x + y \le 4,\ x \ge 0,\ y \ge 0$

उत्तर- दिए हुए असमीकरणों को समीकरणों में बदलने पर,



$x + y = 4$

$x = 0,\ y = 0$

अब हम उपरोक्त रेखाओं के आलेख खींचते है। संलग्न चित्र में सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) OAB परिबद्ध है। सुसंगत क्षेत्र के कोनीय बिन्दु O(0, 0) A(4, 0) B(0, 4) है।

अब हम कोनीय बिन्दुओं पर उद्देशीय फलन Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनीय बिन्दु	उददेशीय फलन Z = 5x + 3y का मान
O(0, 0)	0
A(4, 0)	12
B(0, 4)	16

अतः B(0, 4) पर Z अधिकतम है और अधिकतम मन है।

प्रश्न 2 ग्राफिक विधि से निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्याओ को हल कीजिए:

निम्न अवरोधों के अंतर्गत $Z = -3x + 4y$ का न्यूनतमीकरण कीजिये

$X + 2y \leq 8,\ 3x + 2y \leq 12,\ x \geq 0,\ y \geq 0$

उत्तर- सर्वप्रथम हम रेखाओ $x + 2y = 8$ ....(i)

$3x + 2y = 12$ .....(ii)

$x = 0$ ....(iii)

$y = 0$ ....(iv)



का आलेख खींचते हैं।

स्पष्ट हैं की सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) OABC परिबद्ध हैं। सुसंगत क्षेत्र के कोनीय बिन्दु O(0, 0) A (4, 0), B(2, 3) और C(0, 4) हैं।

अब हम कोनिय बिन्दुओ पर उद्देशीय फलन Z का मान ज्ञात करते है।

कोनीय बिन्दु	**उददेशीय फलन Z = 3x + 4y का मान**
O(0, 0)	0
A(4, 0)	-12 न्यूनतम
B(2, 3)	6
C(0, 4)	16

अतः कोनिय बिन्दु A(4, 0) पर Z का न्यूनतम मान = -12

प्रश्न 3 ग्राफिक विधि से निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्याओ को हल कीजिए:

निम्न अवरोधों के अंतर्गत Z = 5x + 3y का अधिकतमीकरण कीजिये:

$3x + 3y \le 15,\ 5x + 2y \le 10,\ x \ge 0,\ y \ge 0$

उत्तर- सर्वप्रथम हम रेखओं,

$3x + 5y = 15$ ....(i)

$5x + 2y = 10$ ....(ii)

$x = 0,$ ....(iii)

$y = 0$ ....(iv)



का आलेख खींचते हैं।

स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) OABC परिबद्ध है।

सुसंगत क्षेत्र के कोनीय बिन्दु O(0,0), A(2,0), B O(0,0),A(2,0),B $\left(\frac{20}{19}, \frac{45}{19}\right)$,C(0,3)

अब हम कोनीय बिन्दुओं पर Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनीय बिन्दु	उददेशीय फलन Z = 5x + 3y का मान
O(0,0)	0
A(2,0)	10
B $\left(\frac{20}{19}, \frac{45}{19}\right)$	$\frac{235}{19}$ अधिकतम
C(0,3)	9

अत: कोनीय बिन्दु $B\left(\frac{20}{19}, \frac{45}{19}\right)$ पर Z का अधिकतम मान $= \frac{235}{19}$ हैं।

प्रश्न 4 ग्राफिक विधि से निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्याओ को हल कीजिए:

निम्न अवरोधों के अंतर्गत Z = -3x + 5y का न्यूनतमीकरण कीजिये:

x + 3y ≥ 3, x + y ≥ 2, x, y ≥ 0

उत्तर- सर्वप्रथम हम रेखाओं

x + 3y = 3 .....(i)

x + y = 2 .....(ii)

x = 0 .....(iii)

y = 0 .....(iv)

का आलेख खींचते हैं।



स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) AED अपरिबद्ध है।

कोनीय बिन्दु

$A(3,0), E\left(\frac{3}{2}, \frac{1}{2}\right), D(0,2)$ है।

कोनीय बिन्दु	उददेशीय फलन Z = 3x + 5y का मान
A(3,0)	9
$E\left(\frac{3}{2},\frac{1}{2}\right)$	7 न्यूनतम
D(0,2)	10

Z का न्यूनतम मान = 7 जोकि बिन्दु $E\left(\frac{3}{2}, \frac{1}{2}\right)$ है।

लेकिन क्षेत्र अपरिबद्ध है। अतः Z का यह मान न्यूनतम हो सकता है और नहीं भी।

अतः हम असमीका 3x + 5y < 7 ....(v) का आलेख खींचते है।

क्योंकि आलेख (v) व सुसंगत क्षेत्र में कोई भी बिन्दु उभयनिष्ट नहीं है।

इसलिए Z का न्यूनतम मान 7 पर है।

प्रश्न 5 ग्राफिक विधि से निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्याओ को हल कीजिए:

निम्न अवरोधों के अंतर्गत Z = 3x + 2y का अधिकतमीकरण कीजिये:

x + 2y ≤ 10 ; 3y + y ≤ 15 ; x, y ≥ 0;

उत्तर- सर्वप्रथम निम्नलिखित रेखाओं

x + 2y = 10 .....(i)

3x + y = 15 .....(ii)

x = 0 .....(iii)

y = 0 .....(iv)

के आलेख खींचते हैं।

स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र OABC (छायांकित) परिबद्ध है।

जिसके कोनीय बिन्दु O(0, 0), A(5,0), B(4, 3), C(0, 5) हैं।

अब हम कोनीय बिन्दुओं पर Z का मान ज्ञात करते हैं।



कोनीय बिन्दु	उददेशीय फलन Z = 3x + 2y का मान
O(0,0)	0
A(5, 0)	15
B(4, 3)	18 अधिकतम
C(0, 5)	10

Z का अधिकतम मान कोनीय बिन्दु B(4, 3) पर है जोकि 18 है।

प्रश्न 6 ग्राफिक विधि से निम्न रैखिक प्रोग्रामन समस्याओ को हल कीजिए:

निम्न अवरोधों के अंतर्गत $Z = x + 2y$ का न्यूनतमीकरण कीजिये:

$2x + y \geq 3$; $x + 2y \geq 6$; $x, y \geq 0$

उत्तर- सर्वप्रथम निम्नलिखित रेखाओं,

$2x + y = 3$ .....(i)

$x + 2y = 6$ .....(ii)

$x = 0$, ...(iii)

$y = 0$ .....(iv)

के आलेख खींचते हैं।



स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) अपरिबद्ध है।

जिसके कोनीय बिन्दु A(6, 0), B(0, 3) हैं।

अब हम कोनीय बिन्दुओं पर Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनीय बिन्दु	उददेशीय फलन Z = x + 2y का मान
A(6, 0)	6 न्यूनतम
B(0, 3)	6 न्यूनतम

∴ बिन्दु A व B दोनों पर Z का न्यूनतम मान 6 है। अतः A व B को मिलाने वाली रेखा के प्रत्येक बिन्दु पर Z का मान न्यूनतम होगा।

प्रश्न 7 दिखाइए कि Z का न्यूनतम मान दो बिन्दुओं से अधिक बिन्दुओं पर घटित होता है।

निम्न अवरोधों के अंतर्गत Z = 5x + 10y का न्यूनतमीकरण तथा अधिकतमीकरण कीजिये:

$x + 2y \le 120,\ x + y \ge 60,\ x - 2y \ge 0,\ x, y \ge 0$

उत्तर- सर्वप्रथम हम निम्नलिखित रेखाओं,

x + 2y = 120 .....(i)

x + y = 60 .....(ii)

x - 2y = 0 .....(iii)

x = 0 .....(iv)

y = 0 .....(v)



के आलेख खींचते हैं। स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) ADEC परिबद्ध है। जिसके कोनीय बिन्दु हैं A(120, 0), D(60, 30), E(20, 40), C(60, 0) कोनीय बिन्दुओं पर उद्देशीय फलन Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनीय बिन्दु	उददेशीय फलन Z = 5x + 10y का मान
A(120, 0)	600 अधिकतम
D(60, 30)	600
E(20, 40)	500
C(60, 0)	300 न्यूनतम

अत: C(60, 0) पर Z का न्यूनतम मान 300 है और A(120, 0) और D(60, 30) पर Z का अधिकतम मान 600 है अर्थात् AD के प्रत्येक बिन्दु पर Z का अधिकतम मान 600 है।

प्रश्न 8 दिखाइए कि Z का न्यूनतम मान दो बिन्दुओं से अधिक बिन्दुओं पर घटित होता है।

निम्न अवरोधों के अंतर्गत Z = x + 2y का अधिकतमीकरण कीजिये:

$x + 2y \geq 100,\ 2y - y \leq 0,\ 2x + y \leq 200;\ x,y \geq 0$

उत्तर- सर्वप्रथम हम रेखाओं,

$x + 2y = 100$ .....(i)

$2x - y = 0$ .....(ii)

$2x + y = 200$ .....(iii)

$x = 0$, ...(iv)

$y = 0$ .....(v)

के आलेख खींचते हैं।

स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) BCDE है जोकि परिबद्ध है। जिसके कोनीय बिन्दु B(0, 50), C(0, 200), D(50, 100) और E(20, 40) हैं।

अब हम कोनीय बिन्दुओं पर Z का मान ज्ञात करते हैं।



अतः बिन्दु (0, 200) पर अधिकतम मान 400 है। तथा बिन्दु B(0, 50) व E(20, 40) पर Z का न्यूनतम मान 100 है।

अर्थात् (0, 50) और (20, 40) को मिलाने वाले रेखाखण्ड के प्रत्येक बिन्दु पर Z का न्यूनतम मान 100 है।

कोनीय बिन्दु	उददेशीय फलन $Z = x + 2y$ का मान
B(0, 50)	100
C(0, 200)	400 अधिकतम
D(50, 100)	250
E(20, 40)	100 न्यूनतम

प्रश्न 9 दिखाइए कि Z का न्यूनतम मान दो बिन्दुओं से अधिक बिन्दुओं पर घटित होता है।

निम्न अवरोधों के अंतर्गत $Z = -x + 2y$ का अधिकतमीकरण कीजिये:

$x \geq 3,\ x + y \geq 5,\ x + 2y \geq 6,\ y \geq 0$

उत्तर- सर्वप्रथम हम रेखाओं,

$x = 3$ .....(i)

$x + y = 5$ .....(ii)

$x + 2y = 6$ .....(iii)

$y = 0$ .....(iv)



के आलेख खींचते हैं।

स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) अपरिबद्ध है। जिसके कोनीय बिन्दु A(6, 0), B(4, 1) और C(3, 2) हैं।

अब हम कोनीय बिन्दु पर Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनीय बिन्दु	**उददेशीय फलन Z = -x + 2y का मान**
A(6, 0)	-6
B(4, 1)	-2
C(3, 2)	1 अधिकतम

सारणी से स्पष्ट है कि Z का अधिकतम मान बिन्दु (3, 2) पर है। परन्तु चूंकि क्षेत्र अपरिबद्ध है अतः Z का यह मान अधिकतम हो सकता हैं और नहीं भी।

यह ज्ञात करने के लिए असमिका $-x + 2y > 1$ ....(v) का आलेख खींचते हैं। आलेख द्वारा प्राप्त खुले अर्द्धतल व सुसंगत क्षेत्र में उभयनिष्ठ बिन्दु हैं। अतः Z का कोई अधिकतम मान सम्भव नहीं है।

प्रश्न 10 दिखाइए कि Z का न्यूनतम मान दो बिन्दुओं से अधिक बिन्दुओं पर घटित होता है।

निम्न अवरोधों के अंतर्गत $Z = x + y$ का अधिकतमीकरण कीजिये:

$x - y \leq -1$, $-x + y \leq 0$, $x, y \geq 0$

उत्तर- सर्वप्रथम हम निम्नलिखित रेखाओं

$x - y = 1$ .....(i)

$-x + y = 0$ .....(ii)

$x = 0$ .....(iii),

$y = 0$ .....(iv)



के आलेख खींचते हैं।

संलग्न चित्र से हम देखते हैं कि ऐसा कोई बिन्दु नहीं है जो। सभी अवरोधों को एक साथ सन्तुष्ट करे। अत: इस समस्या का कोई सुसंगत हल नहीं है।

प्रश्नावली 12.2 (पृष्ठ संख्या 534-536)

प्रश्न 1 रेशम के दो प्रकार के भोज्य P और Q को इस प्रकार मिलाना चाहती है कि मिश्रण में विटामिन अवयवों में 8 मात्रक विटामिन A तथा 11 मात्रक विटामिन B हों। भोज्य P की लागत Rs. 60/ किग्रा और भोज्य Q की लागत Rs. 80 किग्रा है। भोज्य P में 3 मात्रक/ किग्रा विटामिन A और 5 मात्रक/ किग्रा विटामिन B है जबकि भोज्य Q में 4 मात्रक/ किग्रा विटामिन A और 2 मात्रक/ किग्रा विटामिन B है। मिश्रण की न्यूनतम लागत ज्ञात कीजिए। हल- माना मिश्रण में x किग्रा भोज्य P का और y किग्रा भोज्य B का है। हम प्रदत्त आँकड़ों से निम्न सारणी बनाते हैं।

उत्तर-

स्त्रोत (Resources)	भोज्य पदार्थ		आयश्यकता (मात्रकों में)
	p(x)	Q(y)	

विटामिन A (मात्रक/ किग्रा)	3	4	8
विटामिन B (मात्रक/ किग्रा)	5	2	11
लागत (Rs./ किग्रा)	60	80	

क्योंकि विटामिन A की न्यूनतम आवश्यकता 8 मात्रक है।

$3x + 4y \geq 8$

इसी प्रकार, विटामिन B की आवश्यकता 11 मात्रक है।

$5x + 2y \geq 11$

जबकि,

$x \geq 20,\ y \geq 0$

1 किग्रा भोज्य P का क्रय मूल्य = Rs. 60

1 किग्रा भोज्य Q का क्रय मूल्य = Rs. 80

x किग्रा भोज्य P और y किग्रा भोज्य Q की कुल लागत Z = 60x + 80y अतः समस्या को गणितीय रूप में निम्नलिखित रूप से व्यक्त किया जा सकता है निम्न व्यवरोधों के अन्तर्गत

$3x + 42 \geq 8$ ...(i)

$5x + 2y \geq 11$ ...(ii)

$x \geq 0,\ y \geq 0$ ...(iii)

Z = 60x + 80y का न्यूनतमीकरण कीजिए।

अब इन असमिकाओ को समीकरणों में बदलकर इनके आलेख खींचते है। रेखाएं

$$\left.\begin{aligned} 3x + 4y &= 8 \\ 5x + 2y &= 11 \end{aligned}\right] \text{ बिन्दु } B\left(2, \frac{1}{2}\right) \text{ पर मिलता है।}$$



चित्र से स्पष्ट है की सुसंगत क्षेत्र अपरिबद्ध है और इसके कोनीय बिन्दु

$A\left(\frac{8}{3}, 0\right), \left(2, \frac{1}{2}\right), C\left(0, \frac{11}{2}\right)$ है।

कोनिया बिन्दुओ पर Z का मान ज्ञात करते है-

कोनीय बिन्दु	Z का संगत मान Z = 60x + 80y
$A\left(\frac{8}{3}, 0\right)$	160 (न्यूनतम)
$\left(2, \frac{1}{2}\right)$	160 (न्यूनतम)
$C\left(0, \frac{11}{2}\right)$	440

अतः न्यूनतम लागत है = Rs. 160

जबकि $x = 2, y = \frac{1}{2}$ या $x = \frac{8}{3}, y = 0$

क्योंकि न्यूनतम लागत A और B पर है। इसलिए यह रेखा AB के प्रत्येक बिन्दु पर है।

पुनः क्योंकि 60x + 80y < 160

अर्थात 3x + 4y < 8 का सुसंगत क्षेत्र से कोई भी उभयनिष्ठ बिन्दु नहीं है।

अतः न्यूनतम मूल्य Z = Rs. 160, AB है।

प्रश्न 2 एक प्रकार के केक को 200 ग्राम आटा तथा 25 ग्राम वसा (Fat) की आवश्यकता होती है। तथा दूसरी प्रकार के केक के लिए 100 ग्राम आटा तथा 50 ग्राम वसा की आवश्यकता होती है। केकों की अधिकतम संख्या बताओं जो 5 किलो आटे तथा 1 किलो वसा से बना सकते हैं, यह मान लिया गया है कि केकों को बनाने के लिए अन्य पदार्थों की कमी नहीं रहेगी।

उत्तर- माना पहली प्रकार के केक x हैं और दूसरी प्रकार के केक y हैं।

दिये गये आँकड़ों से निम्न सारणी बनाते हैं-

	केकों की संख्या	**आटे की आवश्यकता (ग्राम में)**	**वसा की आवश्यकता (ग्राम में)**
I	x	200x	25y
II	y	100y	50y
कुल	x + y	5000	1000

दी गई शर्तों के अनुसार, समस्या को इस प्रकार लिख सकते हैं।

व्यवरोधों $200x + 100y \le 5000$

अर्थात् $2x + y \le 50$ ...(i)

और $25x + 50y \le 1000$

अर्थात् $x + 20y \le 40$ ...(ii)

तथा $x \ge 0$ ...(iii)

$x \ge 0$ ...(iv)

के अन्तर्गत $Z = x + y$ का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

उपरोक्त असमिकाओं की संगत समीकरणों की रेखाओं के आलेख खींचते हैं। चित्र से स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र OABC (परिबद्ध) है। जिसके कोनीय बिन्दु O(0, 0), A(25, 0), B(20, 10) और C(0, 20) हैं।



अब हम कोनीय बिन्दुओ पर Z का मान ज्ञात करते है।

कोनीय बिन्दु	Z का संगत मान Z = x + y
O(0, 0)	0
A(25, 0)	25
B(20, 10)	30 अधिकतम
C(0, 20)	20

चूँकि B(20, 10) पर Z अधिकतम है अर्थात 20 केक एक प्रकार के और 10 केक दूसरे प्रकार के बनाने होंगे, केको की अधिकतम संख्या = 30 है।

प्रश्न 3 एक कारखाने में टेनिस के रैकेट तथा क्रिकेट के बल्ले बनते हैं। एक टेनिस रैकेट बनाने के लिए 1.5 घण्टा यांत्रिक समय तथा 3 घण्टे शिल्पकार का समय लगता है। एक किक्रेट बल्ले को तैयार करने में 3 घण्टे यांत्रिक समय तथा 1 घण्टा शिल्पकार का समय लगता है। एक दिन में कारखाने में विभिन्न यंत्रों पर उपलब्ध यांत्रिक समय के 42 घण्टे और शिल्पकार समय के 24 घण्टे से अधिक नहीं हैं।

1. रैकेटों और बल्लों को कितनी संख्या में बनाया जाए ताकि कारखाना पूरी क्षमता से कार्य करें?

2. यदि रैकेट और बल्ले पर लाभ क्रमशः Rs. 20 तथा Rs. 10 हों, तो कारखाने का अधिकतम लाभ ज्ञात कीजिए यदि कारखाना पूरी क्षमता से कार्य करे।

उत्तर-

1. माना रैकेट बनाने की संख्या = x और बल्ले बनाने की संख्या = y दिये गये आँकड़ों से निम्न सारणी बनाते है।

आइटम	यांत्रिक समय	शिल्पकार का समय
रैकेट (x)	1.5	3
बल्ले (y)	3	1
कुल समय उपलब्ध		

इसलिए हम इस रैखिक प्रोग्रामन समस्या को इस प्रकार लिख सकते हैं। $Z = x + y$ का अधिकतम मान निकालें।

जबकि $1.5x + 3y \leq 42$

अर्थात $x + 2y \leq 28$ ...(i)

$3x + y \leq 24$ ...(ii)

$x \geq 0$ ...(iii)

$y \geq 0$ ...(iv)

उपरोक्त असमिकाओं के संगत समीकरणों में बदलकर आलेख खींचते हैं।



चित्र से स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र OABC (छायांकित) परिबद्ध है। जिसके कोनीय बिन्दु O(0, 0), A(8, 0), B(4, 12), C(0, 14) हैं।

अब हम कोनीय बिन्दुओं पर Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनीय बिन्दु	**Z का संगत मान Z = x + y**
O(0, 0)	0
A(8, 0)	8
B(4, 12)	16 अधिकतम
C(0, 14)	14

चूंकि B(4, 12) पर Z अधिकतम है।

इसलिए रैकेट की संख्या = 4 बल्लों की संख्या = 12

लाभ फलन P = 20x + 10y लाभ अधिकतम है जब x = 4, y = 12

अधिकतम लाभ = 20 × 4 + 10 × 12 = 80 + 120 = Rs. 200

प्रश्न 4 एक निर्माणकर्ता नट और बोल्ट का निर्माण करता है। एक पैकेट नटों में निर्माण में मशीन A पर एक घण्टा और मशीन B पर 3 घण्टे काम करना पड़ता है, जबकि एक पैकेट बोल्ट के निर्माण

में 3 घण्टे मशीन A पर और 1 घण्टा मशीन B पर काम करना पड़ता है। वह नटों से Rs. 17.50 प्रति पैकेट और बोल्टों पर Rs. 7.00 प्रति पैकेट लाभ कमाता है। यदि प्रतिदिन मशीनों का अधिकतम उपयोग 12 घण्टे किया जाए तो प्रत्येक (नट और बोल्ट) के कितने पैकेट उत्पादित किए जाएँ ताकि अधिकतम लाभ कमाया जा सके।

उत्तर- माना निर्माणकर्ता नट के x पैकेट तथा बोल्ट के y पैकेटों का निर्माण करता है।

तो निर्माणकर्ता को लाभ Z = Rs. $(17.5x + 7y)$

अत: स्पष्ट है कि $x \geq 0, y \geq 0$

अब दिये गये आँकड़ों से निम्न सारणी बनाते हैं।

	नट x	**बोल्ड y**	**अधिकतम उपयोग**
मशीन A	1	3	12
मशीन B	3	1	12
लाभ प्रति पैकेट	17.50	7.0	

अत: निम्न व्यवरोध प्राप्त होते हैं।

$x + 3y \leq 12$ मशीन A के लिए

$3x + y \leq 12$ मशीन B के लिए

अत: गणितीय समस्या का सूत्रीकरण निम्नलिखित है।

Z = Rs. $(17.5x + 7y)$ का अधिकतमीकरण कीजिए जबकि निम्नलिखित व्यवरोध हैं।

$x + 3y \leq 12$...(i)

$3x + y \leq 12$ ...(ii)

$x \geq 0, y \geq 0$ ...(iii)

असमिकाओं (i) से (iii) तक के आलेखों द्वारा निर्धारित सुसंगत क्षेत्र चित्र में दर्शाया गया है।



स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र परिबद्ध है।

अब हम कोनीय बिन्दुओं (0, 0), (4, 0), (3, 3) और (0, 4) पर Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनिया बिन्दु	**Z = Rs. (17.5x + 7y)**
(0, 0)	0
(4, 0)	70
(3, 3)	73.5 अधिकतम
(0, 0)	28

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि बिन्दु (3, 3) पर Z का मान अधिकतम Rs. 73.5 है।

अतः निर्माणकर्ता को 3 बोल्ट के पैकेट व 3 नटों के पैकेटों का निर्माण करना चाहिए ताकि अधिकतम लाभ Rs. 73.5 हो।

प्रश्न 5 एक कारखाने में दो प्रकार के पेंच A और B बनते हैं। प्रत्येक के निर्माण में दो मशीनों के प्रयोग की आवश्यकता होती है, जिसमें एक स्वचालित और दूसरी हस्तचालित है। एक पैकेट पेंच के निर्माण में 4 मिनट स्वचालित और 6 मिनट हस्तचालित मशीन, तथा एक पैकेट पेंच B के निर्माण में 6 मिनट स्वचालित और 3 मिनट हस्तचालित मशीन का कार्य होता है। प्रत्येक मशीन किसी भी दिन के लिए अधिकतम 4 घण्टे काम के लिए उपलब्ध है। निर्माता पेंच A के प्रत्येक पैकेट पर 37 और पेंच B के प्रत्येक पैकेट पर Rs. 10 का लाभ कमाता है। यह मानते हुए कि कारखाने

में निर्मित सभी पेंचों के पैकेट बिक जाते हैं, ज्ञात कीजिए कि प्रतिदिन कितने पैकेट विभिन्न पेंचों के बनाए जाएँ जिससे लाभ अधिकतम हो तथा अधिकतम लाभ ज्ञात कीजिए।

उत्तर- माना पेंच A की संख्या = x और पेंच B की संख्या = y

तब प्रदत्त आँकड़ों से निम्नलिखित सारणी बनाते हैं।

पेंच	स्वचालित मशीन	हस्तचालित मशीन पर समय (मिनट में)	लाभ
A	4	6	7
B	6	3	10
समय उपलब्ध (मिनट में)	240	240	

अतः दी गई समस्या का गणितीय निरूपण इस प्रकार है।

$Z = 7x + 10y$ का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए। जबकि

$4x + 6y \leq 240 \Rightarrow 2x + 3y \leq 120$ ...(i)

$6x + 3y \leq 240 \Rightarrow 2x + y \leq 80$ ...(ii)

$x \geq 0$ ...(iii)

$y \leq 0$ ...(iv)

उपरोक्त असमिकाओं के संगत समिकाओं के आलेख खींचते हैं।

चित्र से स्पष्ट है कि सुसंगत क्षेत्र OABCD (छायाँकित) परिबद्ध है।



कोनीय बिन्दु हैं O(0, 0), A(40, 0), B(30, 20), C(0, 40)

अब कोनीय बिन्दुओं पर Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनीय बिन्दु	**Z का संगत मान Z = 7x + 10y**
O(0, 0)	0
A(40, 0)	280
B(30, 20)	410 अधिकतम
C(0, 40)	400

अत: B(30, 20) पर लाभ अधिकतम है।

∴ पेंच A की संख्या = 30 और पेंच B की संख्या = 20

अधिकतम लाभ = Rs. 410

प्रश्न 6 एक कुटीर उद्योग निर्माता कम्पनी पैडेस्टल लैंप और लकड़ी के शेड बनाती है। प्रत्येक के निर्माण में एक रगड़ने/ काटने और एक स्प्रेयर की आवश्यकता पड़ती है। एक लैंप के निर्माण में 2 घण्टे रगड़ने/ काटने और 3 घण्टे स्प्रेयर की आवश्यकता होती है, जबकि एक शेड के निर्माण में 1 घण्टा रगड़ने/ काटने और 2 घण्टे स्प्रेयर की आवश्यकता होती है। स्प्रेयर की मशीन प्रतिदिन अधिकतम 20 घण्टे और रगड़ने/ काटने की मशीन प्रतिदिन अधिकतम 12 घण्टे के लिए उपलब्ध

है। एक लैंप की बिक्री पर Rs. 5 और एक शेड की बिक्री पर Rs. 3 का लाभ होता है। यह मानते हुए कि सभी निर्मित लैंप और शेड बिक जाते हैं, तो बताइए वह निर्माण की प्रतिदिन कैसी योजना बनाए कि लाभ अधिकतम हो?

उत्तर- पैडेस्टेल लैंप की संख्या = x और लकड़ी के शेड की संख्या = y

दिये गये आँकड़ों से निम्न सारणी बनाते हैं।

	रगड़ने/ काटने	स्प्रेयर	लाभ
पेडेस्टेल	2	3	Rs. 5
लकड़ी के शेड	1	2	Rs. 3
समय उपलब्ध (घण्टे में)	12	20	

दी गई रैखिक प्रोग्रामन समस्या का गणितीय निरूपण इस प्रकार है-

$Z = 5 + 3y$ का अधिकतम मान निकालिए-

जबकि $2x + y \leq 12$ ...(i)

$3x + 2y \leq 20$ ...(ii)

$x \geq 0$ ...(iii)

$y \leq 0$ ...(iv)



उपरोक्त असमिकाओं के संगत समिकाओं का आलेख खींचते हैं। चित्र से स्पष्ट है कि संगत क्षेत्र OABC (छायांकित)परिबद्ध है जिसके कोनीय बिन्दु O(0, 0), A(6, 0),B(4, 4), C(10, 10) हैं।

अब हम इन कोनीय बिन्दुओं पर Z का मान ज्ञात करते हैं।

कोनीय बिन्दु	**Z का संगत मान Z = 5x + 3y**
O(0, 0)	0
A(6, 0)	30
B(4, 0)	32 अधिकतम
C(0, 10)	30

अत: B(4, 4) पर Z = 32 अधिकतम है।

इसलिए पैडेस्टेल लैंप की संख्या = 4, लकड़ी के शेड की संख्या = 4

